तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 7 नवंबर 2025

12 नई राह- माओवाद वर्दी की जगह अब होटल की ...



12 कागज कारखाने की योजना ठंडे बस्ते में





## खबर संक्षेप

### धूमधाम से हनुमान मंदिर का मनाया वार्षिकोत्सव



**जगदलपुर।** रेल्वे कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर का 50वां वार्षिकोत्सव तीन दिनों तक धूमधाम से मनाया गया। मंगलवार को वार्षिकोत्सव समारोह की शुरूआत की गई। अंतिम दिन गुरुवार को भण्डारा का आयोजन किया गया। खिचड़ी का महाभोग भगवान हनुमान को अर्पित किया गया। हनुमान मंदिर के समीप महाभण्डारा में बड़ी संख्या में भक्तों ने शामिल हो कर महाभोग प्राप्त किया। वातावरण भक्तिमय हो गया।

### कांग्रेस के हस्ताक्षर अभियान का जैन समाज ने किया विरोध

**जगदलपुर।** शहर में दिगम्बर जैन मंदिर के लिए शासन द्वारा भूमि आवंटन विचाराधीन है। इसका जिला कांग्रेस , कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ एवं निगम नेता प्रतिपक्ष द्वारा लगातार विरोध किया जा रहा है। कांग्रेसियों द्वारा जैन मंदिर बनाने के विरूद्ध हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। जारी बयान में दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष अनुप जैन तथा युवा मंडल अध्यक्ष सिद्धांत जैन ने विरोध करते हुए कांग्रेसियों से सवाल पूछा है कि क्या इस विरोध के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज एवं कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी से अनुमति ली गई है। स्थानीय कांग्रेस संगठन के इस विरोध से जैन समाज को काफी आघात पहुंचा है एवं नगर के साथ साथ सम्पूर्ण प्रदेश का जैन समाज इस कार्य से दुःखी है। मंदिर की भूमि आवंटन के विरोध में चल रहे हस्ताक्षर अभियान को बंद करने का उन्होंने अनुरोध किया है।

### इंटीग्रेटेड कमांड एवं कंट्रोल सेंटर गठित

**जगदलपुर।** समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्था को सुदृढ़, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर हरिस एस द्वारा जिला स्तरीय इंटीग्रेटेड कमांड एवं कंट्रोल सेंटर एवं नियंत्रण कक्ष का विधिवत गठन करते हुए अधिकारी-कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय नया रायपुर से प्राप्त निर्देशों और जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल की अनुशंसा के आधार पर यह पहल किया गया है। इस सेल का प्राथमिक उद्देश्य धान खरीदी के दौरान संभावित अनियमितताओं पर नियंत्रण रखना और धान के अवैध पुनर्चक्रण को रोकना है, ताकि वास्तविक किसानों को ही उनकी उपज का सही मूल्य मिल सके।

### समर्पित नक्सलियों से संबंधित जानकारी देने नोडल अफसर नियुक्त

**जगदलपुर।** बस्तर रेंज में 300 से अधिक माओवादी कैडर हिंसा का मार्ग छोड़कर मुख्यधारा से जुड़ गए हैं। पूर्व में भी बड़ी संख्या में माओवादी कैडरों ने हिंसा त्यागकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का कदम उठाया है। इन सभी कैडरों का अपने-अपने पसंदीदा जिलों में पुनर्वास और पुनर्समावेशन की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। मीडिया के लोगों ने इस पूरी प्रक्रिया के बारे में विशेष रूप से उनके कौशल विकास और पुनर्वास से जुड़ी पहलुओं को विस्तार से जानने की इच्छा व्यक्त की है। आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि इस विषय से संबंधित जानकारी के लिए जिलावार पुलिस अधीक्षक की ओर से नोडल अधिकारी उपलब्ध रहेंगे। कांकेर एएसपी आकाश श्रीमाल , बीजापुर डीएसपी विनीत साहू, जिला नारायणपुर डीएसपी अमृता पैकरा, सुकमा डीएसपी मोनिका श्याम, बस्तर डीएसपी संगम राम, दंतेवाड़ा डीएसपी नजर सिद्दीकी तथा कोंडागांव के लिए डीएसपी सतीश बरघव।

# सर्वश्रेष्ठ प्रधानाचार्य अवार्ड से सम्मानित हुए जी शिवा, नक्सलियों के फरमान से छोड़ना पड़ा था गांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

अलग खबर

समाज सेवक पिता और भाई के राजनीति में सक्रिय होने का खामियाजा पूरा परिवार को भुगतना पड़ा। नक्सलियों ने गांव से जाने का फरमान जारी किया। कई दिनों तक जगदलपुर में संघर्ष करते रहे। आज सर्वश्रेष्ठ प्रधानाचार्य के अवार्ड से सम्मानित होकर प्रदेश और गांव का नाम रौशन किया।

जी शिवा रेड्डी का जन्म स्थल बीजापुर जिले का सुदूर संवेदनशील गांव बासागुड़ा है। जिन्हें शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में नवी मुंबई महाराष्ट्र में शिक्षक सम्मान समारोह में भारतभर के 1.5 लाख विद्यालयों में से सर्वश्रेष्ठ प्रधानाचार्यों में से एक के रूप में चुना गया। जिन्हें पहली महिला आईपीएस किरण बेदी एवं बैडमिंटन खिलाड़ी ओलम्पिक पदक विजेता साइना नेहवाल के हाथों पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हरिभूमि से चर्चा करते हुए जी शिवा रेड्डी ने बताया कि बीजापुर जिले के उसूर ब्लॉक अंतर्गत आने वाला छोटा सा गांव बासागुड़ा के मूल निवासी है। पिता सामाजिक कार्यकर्ता रहे, जिन्होंने गांव के विकास ▶▶| शेष पेज 10 पर

## देशभर के 1.5 लाख विद्यालयों में से सर्वश्रेष्ठ प्रधानाचार्यों में चुना गया

### 9 दिनों तक बंधक बनाया

पिता की तरह बड़े भाई जी श्रीनिवास रेड्डी के सामाजिक राजनीति में सक्रिय होने से नक्सलियों के निशाने में आ गये। संघ से जुड़े होने के कारण नक्सलियों ने मुझे 9 दिनों तक बंधक बनाकर रखा था। परिवार को गांव छोड़कर जाने की चेतावनी मिलने के बाद जगदलपुर में आकर बस गये। वह दिन काफी पीड़ादायक रहा। आठ महीने के जद्दोजहद के बाद तत्कालीन सीएम रमन सिंह के आदेश पर जगदलपुर के निकट स्थानान्तरण किया गया।




### शिक्षकों और बच्चों का मिला साथ

नवाचार की दिशा पर कार्य करते हुए पढ़ाई की दिशा को अलग गति दी। 2021 में एकलव्य कोड़ेनार का प्रभार मिला। तब से बच्चों के साथ सामंजस्य शिक्षकों से बेहतर काम करने की प्रेरणा देकर गंभीर बीमारी से जूझते हुए, 5 सालों में राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार के लिए नामित हुए। 4 नवंबर को डॉ किरण बेदी एवं पद्म भूषण सायना नेहवाल से मुंबई के वाशी में राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया। इस दौरान 75 वर्षीय माता और छोटे भाई आशीष साथ रहे। यह सम्मान पाकर खुशी हासिल हुई। यहां तक के सफर में परिवार का अहम योगदान रहा है शिक्षा के क्षेत्र में और भी बेहतर करने की मेरी ख्वाहिश है।

### खेत, मकान सब छोड़ना पड़ा

*जन्मभूमि की सारी पैतृक संपति छोड़कर आने से पूरा परिवार वेतन पर ही निर्भर हो गया। तीन भाई बेरोजगार हो गए जबकि 19 एकड़ खेती, ठेकेदारी और दिन में 25000 की बिक्री वाली दुकान 15 साल पहले छोड़ आये थे। 2014 में हायर सेकंडरी स्कूल में पदोन्नति के बाद 10 वर्ष विद्यार्थियों की बेहतर शिक्षा के लिए अनेक काम किया।*

## विडंबना: नक्सल क्षेत्र में चुस्त, सामान्य पुलिसिंग में फिसड्डी साबित हुई कुआकोंडा पुलिस

# 16 घंटे देर से पहुंची पुलिस, फंदे पर तब तक झूलता रहा वृद्धा का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार

कुआकोंडा थाना क्षेत्र के मोखपाल गांव में बुधवार शाम एक 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने अपने ही घर में गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन जब घर लौटे तो उन्होंने देखा कि वृद्धा मंडावी फंदे पर झूल रही है। यह दृश्य देखकर परिजन बदहवास हो गए। आसपास के ग्रामीणों के साथ कुआकोंडा पुलिस को सूचना दी। लेकिन सूचना देने के बावजूद पुलिस की लापरवाही का आलम यह रहा कि घटना स्थल तक पहुंचने में पूरे 16 घंटे का समय लग गया। गांव से थाना महज 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है बावजूद इसके पुलिस अगले दिन सुबह करीब 10 बजे मौके पर पहुंची। तब तक शव फंदे पर ही झूलता रहा और परिजन पूरी रात शव के पास बैठकर रोते-बिलखते रहे। मृतका के परिजन सतनेश मंडावी ने बताया कि पुलिस को फोन करने के बाद तीन पुलिसकर्मी मोटरसाइकिल से आए थे जिन्होंने केवल यह कहा कि जब तक हम पूरी टीम के साथ नहीं आते तब तक शव को नीचे मत उतारना। इसके बाद पुलिस लौट गई और फिर अगले दिन सुबह पहुंची।

■ ग्रामीणों ने की जांच की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि यदि पुलिस ने तत्परता दिखाई होती तो शव को सुरक्षित नीचे उतारकर अस्पताल की मर्चुरी में रखवाया जा सकता था। जिससे परिजनों को कुछ मानसिक राहत मिलती। लेकिन पुलिस की धीमी कार्यशैली ने न केवल परिजनों का दुख बढ़ाया बल्कि एक बार फिर यह सवाल भी खड़ा कर दिया कि क्या हमारी पुलिस सिर्फ नक्सल मोर्चे पर ही सक्रिय है। और आम लोगों ▶▶| शेष पेज 10 पर



### पूछताछ और जांच होगी

इस मामले में देर शाम पुलिस को सूचना मिली रात होने की वजह से शव को नीचे नहीं उतारा गया। फिर भी ग्रामीणों की कोई शिकायत है तो जो स्टाफ गया था, दूसरे दिन वह देर से क्यों पहुंचा पूछताछ और जांच की जायेगी।

**रामकुमार बर्मन**
एडिशनल एसपी,दंतेवाड़ा

### सामान्य घटनाओं पर पुलिस सुस्त और बेपरवाह

कुआकोंडा थाना क्षेत्र नक्सल प्रभावित इलाका जरूर है पर सामान्य घटनाओं में भी पुलिस को तेजी से प्रतिक्रिया देनी चाहिए। ग्रामीणों ने बताया कि जब बात नक्सली मूवमेंट या सुरक्षा बलों की होती है तब पुलिस मिनटों में पहुंच जाती है। लेकिन जब किसी आम ग्रामीण की मौत या सामाजिक अपराध की बात होती है तब वही पुलिस सुस्त और बेपरवाह नजर आती है। मोखपाल की यह घटना कुआकोंडा पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

### पुलिसिंग में सुधार आवश्यक

एक ओर जहां सरकार पुलिसिंग में सुधार और जनसंपर्क बढ़ाने की बात करती है वहीं दूसरी ओर ऐसे मामलों में पुलिस की निष्क्रियता जनता का भरोसा कमजोर करती है। गांव के बुजुर्गों ने कहा कि इस तरह की देरी से न केवल जांच प्रभावित होती है बल्कि प्रशासन की संवेदनहीनता भी उजागर होती है।

# आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली पलायनवादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छग समेत आंध्र, ओडिशा, महाराष्ट्र व तेलंगाना स्टेट में हो रहे आत्मसमर्पण की निंदा करते हुए नक्सलियों के पूर्वी रिजनल ब्यूरो प्रवक्ता संकेत ने प्रेस नोट जारी किया है। उन्होंने समर्पण करने वालों को पलायनवादी कहा है। वहीं तेलगांना राज्य कमेटी द्वारा एकतरफा युद्ध विराम कि घोषणा को भी अप्रत्याशित आत्मसमर्पण करार दिया है। नक्सलियों की पूर्वी रिजनल ब्यूरो प्रवक्ता सकेंत ने गुरूवार को जारी प्रेसनोट जारी कर नक्सल प्रभावित राज्यों के सीआरबी क्षेत्रों में हो रहे सशस्त्र व निहत्थे आत्मसमर्पण की निंदा करते हुए चार दिन पूर्व तेलंगाना राज्य कमेटी द्वारा जारी एकतरफा युद्ध विराम कि घोषणा को भी अप्रत्याशित आत्मसमर्पण बताया। संकेत ने ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ नक्सलियों की पूर्वी रिजनल ब्यूरो प्रवक्ता संकेत ने जारी किया प्रेस नोट



### केन्द्र व राज्य कमेटी के नेताओं के नेतृत्व में किया समर्पण पलायनवाद

*नक्सलियों के पूर्वी रिजनल ब्यूरो प्रवक्ता सकेंत ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों के ऑपरेशन कगार हमलों से हुए गंभीर नुकसान के मद्देनजर सीआरबी ने शांतिवार्ता का आह्वान किया था। वे निराशा और अपने जीवन के भय से ये आत्मसमर्पण कदम उठा रहे हैं क्योंकि उनके शांति वार्ता प्रयासों का कोई परिणाम नहीं निकला है। संकेत ने कहा कि क्रांतिकारी आंदोलन में उतार-चढ़ाव बहुत स्वाभाविक हैं, हमारी पार्टी अनेक उतार-चढ़ावों का सामना करते हुए इस स्तर तक पहुंची है। वर्तमान में हो रहे गंभीर नुकसान को देखते हुए सीआरबी क्षेत्र के कुछ नेता और कार्यकर्ता पलायनवाद का प्रदर्शन करते हुए आत्मसमर्पण कर रहे हैं। ईआरबी स्पष्ट कर रहा है कि महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में हमारी पार्टी के सीसीएम सोनू, छग के जगदलपुर और कांकेर जिलों में हमारी पार्टी के सीसीएम सतीश, रूपेश व तेलंगाना में चंद्रन्ना और राज्य कमेटी स्तर पर नेतृत्व के आत्मसमर्पण करना पलायनवाद के परिणाम हैं।*

# अधूरे कार्यों और गबन मामला ग्रामीणों ने की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

बस्तर जिले के जनपद पंचायत बकावंड अंतर्गत ग्राम पंचायत तुंगापाल में आर्थिक अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों ने जांच की मांग की हैं। पंचायत में वर्ष 2022 से 2025 तक विभिन्न विकास कार्यों के नाम पर राशि खर्च दिखाकर अधूरे कार्य छोड़ दिए गए हैं जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी है।

■ ग्राम पंचायत तुंगापाल में अनियमितता से ग्रामीण परेशान

■ पूर्व सरपंच और सचिव पर आरोप

ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व सरपंच और पूर्व सचिव लिंगोराम के कार्यकाल में गड़बड़ी हुई है। जिसमें योजनाओं की राशि तो निकाल ली गई लेकिन काम पूरा नहीं हुआ है। मिट्टी पटाई कार्य, सार्वजनिक शौचालय निर्माण, शौचालय की टंकी, ग्राम पंचायत में भवन के अधूरे कार्य और व्यवसायिक परिसर के विकास कार्य सभी अधूरे पड़े हैं। बताया गया कि इन सभी कार्यों के लिए राशि आहरित की जा चुकी है पर कार्य स्थल पर निर्माण अधूरा है। यह स्थिति दशार्ती ▶▶| शेष पेज 10 पर



# 35 हजार से ज्यादा हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले में अनुसूचित जनजातियों और अन्य पारंपरिक वन निवासियों को एक बड़ी सौगात मिली है, जब हजारों परिवारों को उन्हें उनके पारंपरिक काबिज वन भूमि का अधिकार प्रदान किए गए हैं। यह कदम न केवल आदिवासी समुदायों की आजीविका को मजबूत कर रहा है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में भी एक मील का पत्थर साबित हो रहा है। अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वन निवासी अधिनियम के तहत बस्तर जिले में व्यक्तिगत वन अधिकार पट्टों के तहत 35,180 आवेदनों में से 22,775 हेक्टेयर क्षेत्र की मंजूरी दी गई है। यह पट्टे उन आदिवासियों को दिए गए हैं जो पीढ़ियों से जंगलों में रहते आए हैं और अब अपनी काबिज वन भूमि का कानूनी हक पा रहे हैं। इससे वन अधिकार प्राप्त हितग्राहियों को खेती-किसानी को बढ़ावा देकर आजीविका संवर्धन में सहूलियत हो रही है। अनुसूचित ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ सामुदायिक वन अधिकार पत्र के 6209 प्रकरणों में साढ़े 24 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल के उपयोग की मिली मंजूरी



## बस्तर ओलंपिक में 8 जोन के खिलाड़ी दिखा रहे दमखम

# खेल को कैरियर बनाने दिखाएं अपनी श्रेष्ठतम प्रतिभा : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पढ़ाई के साथ अपने रुचि के अनुसार खेल विधा में कैरियर बनाने के लिए पूरी मेहनत एवं लगन के साथ श्रेष्ठतम प्रतिभा का प्रदर्शन करें। यह बात सांसद महेश कश्यप ने ब्लॉक बस्तर में ओलंपिक के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ करते हुए कही। प्रतियोगिता में बस्तर विकासखंड के ग्राम पंचायतों व नगर पंचायत क्षेत्र से गठित 8 जोन के लगभग 688 खिलाड़ी उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर पूरे जोश के साथ दमखम दिखा रहे हैं।

■ विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

सांसद श्री कश्यप ने कहा कि बस्तर अंचल के युवाओं विशेष तौर पर अंदरूनी ईलाके के ग्रामीणों एवं युवाओं को उनकी रचनात्मक कार्यों सहित खेल प्रतिभाओं को उचित अवसर प्रदान कर उन्हें निखारने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार द्वारा गत वर्ष बस्तर ओलम्पिक की शुरुआत की गई। जिसमें करीब एक लाख 65 हजार खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ सहभागिता निभाई। इस साल बस्तर ओलम्पिक में शामिल होने वाले प्रतिभागियों में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है और तीन लाख से ज्यादा खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन कराया है। यह सब युवाओं का हौसला को प्रदर्शित करता है और बस्तर में बदलाव को रेखांकित करती है। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिता सामाजिक समरसता और अनेकता में एकता को बढ़ावा देने के साथ ही खिलाड़ियों को अपनी अलग पहचान स्थापित करने का अवसर देती है। इसे मद्देनजर रखते हुए अलग-अलग क्षेत्र के प्रतिभागी खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उपलब्धि हासिल करें। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप और जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष बघेल ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए खिलाड़ियों को बेहतर प्रतिभा प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर अवगत कराया गया कि ब्लॉक स्तरीय बस्तर ओलम्पिक में 11 प्रकार की सामूहिक व एकल खेल स्पर्धाएं शामिल हैं, जिनमें सीनियर व जूनियर वर्ग के महिला-पुरुष खिलाड़ी शिरकत कर रहे हैं।



### इनकी रही मौजूदगी

इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित सीईओ जनपद पंचायत भानुप्रताप चुरेन्द्र, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तरुण पाल लहरे, बीईओ भारती देवांगन, बीआरसी अजम्बर कोर्राम और विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागी खिलाड़ी मौजूद रहे।

# जैन समाज ने तपस्वी भाई बहनों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ओसवाल जैन श्वेताम्बर समाज द्वारा समता भवन में तपस्वी भाई-बहनों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूज्य शासन दीपक मुनि, अक्षय मुनि म.सा. आदि ठाणा-2 का मंगल सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत महिला मंडल द्वारा मंगलाचरण से हुई। मंच संचालन महासचिव अनिल कागोत ने किया। समाज के अध्यक्ष भंवर बोथरा ने अपने उद्बोधन में तप की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि तप आत्मशुद्धि का सर्वोच्च माध्यम है। उन्होंने चातुर्मास के दौरान समाज के तपस्वियों द्वारा की गई तपस्याओं की अनुमोदना ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ 100 से अधिक हुई तपस्या

■ अक्षय मुनि के सानिध्य में हुआ आयोजन

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर-एसपी ने पासंगी पुल का किया निरीक्षण

**कोंडागांव/फरसगांव।** नगर से पासंगी मार्ग पर निर्माणाधीन पुल का गुरुवार को कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा के साथ निरीक्षण किया।निर्माण कार्य में आ रही दिक्कतों को दूर करने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नगरवासियों से चर्चा की। इस दौरान कलेक्टर और एसपी ने निर्माण कार्य सुचारू ढंग से संपन्न कराने में आवश्यक सहयोग की अपील की। चर्चा के दौरान एक माह के भीतर डायवर्सन बनाने के लिए समय दिया गया है। साथ ही संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों को कार्य की महत्ता को देखते हुए निर्माण कार्य समय पर पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, एसडीएम अश्वन पुसाम, प्रवीर सिंह, बदेशा, मूलचंद पांडे सहित तहसीलदार और संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### केशकाल में लगाया गया उद्यमिता जागरुकता शिविर



**कोण्डागांव।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कोण्डागांव द्वारा खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद पंचायत केशकाल के सभा कक्ष में उद्यमिता जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष बिहारी लाल शोरी की अध्यक्षता में किया गया। शिविर में नगर के विभिन्न महिला स्व सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों द्वारा बड़ी, मिनी राइस मिल, अचार, पापड़ मक्का पोहा जैसे खाद्य प्रसंस्करण उत्पादों के निर्माण और विपणन से जुड़े अवसरों की जानकारी दी गई। महिलाओं ने इन इकाइयों की स्थापना के प्रति गहरी रुचि और उत्साह व्यक्त किया। शिविर में श्रीमती कुसुमलता नेताम प्रभारी महाप्रबंधक, श्रीमती नम्रता एल्मा सहायक प्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा हर्ष लाहोटी की उपस्थिति रही।

### बिजली डेम में डूबने से एक व्यक्ति की मौत



**नारायणपुर।** जिले के भरंडा थाना के अंतर्गत बुधवार को दोपहर लगभग 3 से 3:30 बजे के मध्य बिजली डेम क्षेत्र में एक दुखद दुर्घटना घटित हुई। कुमुद सोनानी पिता शंकर सोनानी, आयु 40 वर्ष, निवासी डी.एम.के.ओ. कालोनी कोंडागांव जो कि वर्तमान पता में नयापारा में रहता था, अपने कुछ साथियों के साथ बिजली डेम घूमने गया था। नहाने के उपरांत वह अपने साथियों के साथ भोजन करने के लिए डेम के किनारे बैठा था। इसी दौरान वह मोबाइल पर फोन आने से वह बातचीत करते हुए उठकर आगे बढ़ा और अनियंत्रित होकर गहरे पानी में चला गया, जिसके चलते वह डूब गया । घटना की सूचना पर पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए प्रातः लगभग 9:30 बजे उसका शव बरामद कर लिया है।

# विकासखंड स्तरीय बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता का हुआ भव्य समापन

**ग्राम होनावंड़ी के खेल मैदान में प्रतिभाओं ने तीन दिनों तक प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

विकासखण्ड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत होनावंड़ी के स्कूल परिसर स्थित खेल मैदान में तीन दिवसीय विकासखंड स्तरीय बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता का शानदार समापन बुधवार को हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी, सरपंच श्रीमती दिलेश्वरी नेताम ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं राज्य गीत के साथ किया गया। राहटीपारा की महिला मंडली ने मांदर नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि श्रीमती शोरी ने अपने संबोधन में कहा खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है। खेल न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास का भी माध्यम है। प्रतियोगिता में कबड्डी, खो–खो, गिल्ली–डंडा, रस्सी खींच, लंबी दौड़ लंबी कूद, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कराटे, रिले रेस और फुटबॉल जैसे खेलों का आयोजन हुआ। जूनियर एवं सीनियर वर्गों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। बैडमिंटन जूनियर वर्ग प्रथम खुशबू, सोमया सलना फुटबॉल जूनियर वर्ग प्रथम श्रीकांत-दुर्गेश विश्रामपुरी, द्वितीय आशुलाल गौतम बड़ेराजपुर, रिले रेस बालिका वर्ग प्रथम प्रतिमा–करीना बड़ेराजपुर वॉलीबॉल पुरुष वर्ग प्रथम राजकुमार–युवराज बड़ेराजपुर खो–खो बालिका वर्ग प्रथम प्रेमलता–भूमिका सलना ऊंची कूद, भाला फेंक और 100 मीटर दौड़ में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा।

**गांव में उत्सव जैसा माहौल**

खेल मैदान में समापन समारोह के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में नंदलाल राठौर जिला पंचायत सदस्य, मना राम मरकाम मंडल अध्यक्ष, लालाराम मरकाम, संगीता पोयाम सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रेमलाल यादव, हीरालाल बघेल, पुरुषोत्तम नायक और अन्य शिक्षकों ने किया।




**ये रहे उपस्थितः** समापन अवसर पर जनपद सीईओ लखेश्वर यादव अरकरा, तहसीलदार फणेश्वर सोम, खंड शिक्षा अधिकारी के. एस. पोया, बीआरसी एस.आर. यादव सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। ग्रामीणों और युवा संगठनों ने प्रतियोगिता की सफलता में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के समापन पर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**मांग: व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों के साथ प्रशासन ने की चर्चा**

# जर्जर सड़क से परेशान नगरवासियों व्यापारियों का नगर बंद रहा सफल

**20 नवंबर से शुरू होगा सड़क नवीनीकरण का कार्य**

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 केशकाल शहर की जर्जर सड़क को लेकर गुरुवार को नगर बंद सफल रहा। शहर की दुकानें बंद रहीं। आंदोलन के बाद प्रशासन की ओर से एक राहत भरी खबर सामने आ रही है। तकनीकी खामियों के कारण लंबित टेंडर प्रक्रिया अब लगभग पूरी होने वाला है। 3.8 किलोमीटर की इस सड़क के लिए 8.19 करोड़ की लागत से बनी निविदा 7 नवंबर की सुबह 11:30 बजे खुलने वाला है। दरअसल व्यापारी संघ एवं नगरवासियों के द्वारा किए गए नगर बंद को सभी व्यापारियों का भरपूर समर्थन मिला है। जिसके बाद केशकाल एसडीएम आकांक्षा नायक ने पुनः व्यापारी संघ व नगरवासियों के एक प्रतिनिधिमंडल की बैठक बुलाई। इस बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के एसडीओ के साथ काफी महत्वपूर्ण चर्चाएं हुईं।



**कल पंचवटी से शुरू होगा बीटी पेंच मरम्मत कार्यः एसडीएम**

केशकाल एसडीएम आकांक्षा नायक ने बताया कि व्यापारी संघ व नगरवासियों के प्रतिनिधिमंडल से चर्चा हुई। जिसमें एनएच के एसडीओ ने आश्वासन दिया है कि 7 नवम्बर से पंचवटी से टाटामारी जाने वाले तिराहे (एनएच-30) तक की सड़क में बीटी पेंच मरम्मत शुरू करवा दिया जाएगा। इसके साथी निविदा प्रक्रिया को भी जल्द से जल्द पूरा करके आगामी 20 नवंबर तक केशकाल शहर की सड़क के नवीनीकरण का कार्य शुरू करवाने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है।

**पुनः बैठक रखकर सर्वसम्मति से अगला निर्णय लिया जाएगा- नीरज**

व्यापारी संघ के सदस्य नीरज अग्निहोत्री ने इस बैठक के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि अधिकारियों से मिले आश्वासन से हम संतुष्ट हैं। चूंकि आंदोलन की रूपरेखा सैकड़ों नगरवासियों और व्यापारी संघ के पदाधिकारियों के साथ मिलकर बनाई गई है। ऐसे में 7 नवंबर की शाम 8:30 बजे हम पुनः एक बैठक आयोजित करेंगे। जिसमें इस आंदोलन को स्थगित करने अथवा आगे बढ़ाने के संबंध में सभी लोगों से राय ली जाएगी, जो भी निर्णय होगा उसे मीडिया व प्रशासन से साझा किया जाएगा।

**निविदा में 6 ठेकेदारों ने भाग लिया हैः एसडीओ**

बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के एसडीओ शशिकांत द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि एनएच 30 केशकाल शहर 167.000 से 170.800 तक की सड़क के नवीनीकरण हेतु 8,19,67000 रुपए की लागत से निविदा आमंत्रित की गई है। जिसमे कुल 6 ठेकेदारों ने भाग लिया है। इस निविदा की बिडिंग ओपन होने की तिथि 7 नवंबर सुबह 11:30 बजे निर्धारित है।

## न्योता भोज में खिलाया खीर-पूड़ी और मिष्ठान, बच्चों के चेहरे खिले



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

विकासखण्ड माकड़ी के बालक आश्रम तमरावंड में खण्ड स्त्रोत समन्वयक ताहिर अहमद खान ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर बच्चों को न्योता भोज कराया। इस दौरान बच्चों को खीर, पुड़ी, सब्जी और मिष्ठान परोसे गए, जिससे बच्चों के चेहरे खिल उठे। भोजन के दौरान पूरे परिसर में स्नेह और अपनापन का वातावरण देखने को मिला। बीआरसी ताहिर अहमद खान ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी पहल न्योता भोजन के तहत विभिन्न अवसरों पर अधिकारी, शिक्षक, जनप्रतिनिधि और अभिभावक स्कूलों और आश्रमों में बच्चों को भोजन कराते हैं। ताहिर खान ने कहा कि विकासखण्ड माकड़ी के सभी स्कूलों और आश्रम शालाओं में हर माह एक से दो बार विभिन्न अवसरों पर दानदाताओं के स्वेच्छा से न्योता भोजन कराया जा रहा है। बीआरसी के इस प्रेरणादायक कदम को शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षकों और स्थानीय समुदाय ने सराहा। उन्होंने कहा कि ऐसे मानवीय कार्यों से बच्चों में विद्यालय और समाज के प्रति अपनापन की भावना विकसित होती है।

## बीजापुर जिले से पलायन रोकने स्थानीय बेरोजगारों को मिले नौकरी और काम

**राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम पर जकांछ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ पार्टी के संभागीय अध्यक्ष एवं बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख सयोजक नवनीत चांद के दिशा निर्देश पर जिलाध्यक्ष बीजापुर गुड्डू कोरसा की उपस्थिति में बीजापुर जिले में बुनियादी समस्याओं को लेकर कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम आज ज्ञापन सौंपा गया । इस अवसर पर संभागीय पदाधिकारियों के साथ जिला के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। नवनीत ने कहा कि जनता की समस्याएं पहले दूर हो यह हमारा प्रयास है। जमीनी स्तर पर काम नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि बीजापुर में पलायन जारी है। जिले में गुणवत्ता विहीन सड़क निर्माण, इजाज की जांच ईडी या सीबीआई से होना जरुरी है। जनता कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधा के नाम पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी । सर्व सुविधा युक्त अस्पताल निर्माण हो, कोरमा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुले ।उन्होंने कहा कि जब तक यहां की समस्याएं दूर नहीं होती हमारी लड़ाई जारी रहेगी।

**ज्ञापन में दर्जनभर से ज्यादा मांग**

कलेक्टर को दिए ज्ञापन में कई मांग लिखकर दी गई और निराकरण जल्द करने की उम्मीद जताई गई है। इनमें वर्ष 2025-26 के धान खरीदी सीजन में दूर-दराज के किसानों के लिए रुकने की उचित व्यवस्था की जाए, अबूझमाड़ क्षेत्र में विस्थापन पर रोक लगाई जाए, अवैध जमीनों की हेरा फेरी की जांच, जिले में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने शेल गठन किया जाए। तेंदूपत्ता नियमों में संशोधन के कारण पिछले वर्ष तुड़ाई नहीं हो सकी थी अतः पुराने नियमों को पुनः लागू किया जाए।

**बेरोजगार को काम और संविदा को नियमित**

बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार और लघु उद्योग की स्थापना एवं संविदा कर्मचारियों का शीघ्र नियमितीकरण हो। पूर्वजों की भूमि पर पट्टा प्रदान किया जाए। पेदद्दा कोरमा, तोडका, कडेनार ग्राम मे शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार कर पंचायत तोडका व पेदद्दा कोरमा में छोटे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किए जाएं।

**पीड़ित परिवार को नौकरी मिले**

बीजापुर जिले के विभिन्न ब्लाकों में नक्सली हिंसा से प्रभावित परिवारों के सदस्यों को शासकीय नौकरी देने के प्रावधान के तहत शासकीय नौकरी दिए जाने के मांग, बपलायन रोकने के लिए रोजगार उपलब्ध कराए जाने की मांग, स्कूलों में शत प्रतिशत शिक्षक भर्ती स्थानीय स्तर पर किए जाने के मांग।

**कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित**

कार्यक्रम में संभागीय महामंत्री राम नाथ नेगी, दंतेवाड़ा जिला अध्यक्ष रेमो मरकाम, जगदलपुर शहर युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष हिमांशु आनंद, यूनियन सचिव मौर्य सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महिलाओं को बचत और बीमा योजनाओं से जोड़ा जाए

**कोण्डागांव।** भारतीय डाक विभाग, बस्तर संभाग के अधीक्षक ज्ञानेश मिश्रा ने गुरुवार को उप डाकघर कोंडागांव में अपने अधीनस्थ ग्रामीण डाक सेवकों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभागीय योजनाओं आवर्ती जमा खाता, ग्रामीण डाक जीवन बीमा एवं डाक जीवन बीमा से संबंधित प्रगति की समीक्षा की और 19 नवंबर को आयोजित होने वाले महा लॉगिन डे की तैयारी पर विस्तृत चर्चा की। अधीक्षक मिश्रा ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में महिलाओं को बचत और बीमा योजनाओं का महत्व समझाना आवश्यक है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से कहा हमें घर–घर जाकर ग्रामीण महिलाओं को योजनाओं की जानकारी देनी होगी। उन्हें डीबीटी के माध्यम से प्राप्त धनराशि से बचत खाता खोलने के लिए प्रेरित करना होगा। साथ ही उन्होंने कर्मचारियों को ग्रामीण डाक जीवन बीमा के लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्रामीण डाक सेवकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अधीक्षक ने कहा कि ऐसे कर्मचारी अन्य साथियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं।





**साइबर सुरक्षा पर विशेष सत्र आयोजित**

बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के साइबर सेल से मनीष बोस एवं मनोज मरकाम ने उपस्थित डाक कर्मचारियों को साइबर धोखाधड़ी के तरीकों और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी। इस अवसर पर उपसंभागीय निरीक्षक डाक कोंडागांव आर.एस. मिश्रा, उप डाकपाल सूरज लाल गोटी, आईपीपीबी मैनेजर प्रीतम गुप्ता सहित डाक विभाग के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भाला फेंक में श्रीप्रिया ने सिल्वर मेडल जीता

**जीजामगांव।** सरस्वती शिशु मंदिर चटौद की पूर्व छात्रा एवं सरस्वती शिशु मंदिर कुरूद में अध्ययनरत कक्षा 10वीं की छात्रा श्रीप्रिया ध्रुव ग्राम दरबा ने विद्या भारती द्वारा 31 अक्टूबर से 4 नवम्बर तक विद्या पीठम हासन (बेंगलूर) कर्नाटक में आयोजित अखिल भारतीय एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता अंडर 17 वर्ग भाला फेंक में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल हासिल किया। वह घनश्याम-श्रीमती वसुन्धरा की पुत्री हैं।

पेज 09 के शेष...

**सर्वश्रेष्ठ प्रधानाचार्य अवार्ड ...**

और क्षेत्र में बेहतर शिक्षा के लिए पहल की। गांव में 8 वीं कक्षा के बाद हाई स्कूल की पढ़ाई के लिए आवापल्ली या भोपालपटनम जाना पड़ता था। पढ़ाई पूरी करने के लिए भी विद्यार्थियों को काफी संघर्ष करना पड़ता था। हमने भी यह संघर्ष झेला, 1990 के बाद ही पिता और गांव के अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों की पहल से बासागुड़ा में 9वीं से 12वीं हाई स्कूल खुला। उन्होंने कहा मेरे मन में हमेशा ही कसक रहती थी कि क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने शिक्षा के ही क्षेत्र में अपना योगदान दूंगा। हायर सेकेंडरी की पढ़ाई पूरी होने के बाद सिविल सर्विस की तैयारी करने लगा और 85 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण भी हुआ। उसके बाद देश सेवा का जज्बा उभर कर आया और वायु सेना में जाने की तैयारी करने लगा। परीक्षा एवं दिगर मापदंडों में खरा उतरने के बाद वायु सेवा में चयन हो गया किंतु पिता की आकस्मिक मृत्यु हो जाने की वजह से मां ने घर के हालातों को देखते हुए मना कर दिया। बड़े भाई के साथ परिवार की जिम्मेदारी संभालना पड़ा।

**16 घंटे देर से...**

की समस्या उनके एजेंडे में नहीं है। ग्रामीणों की मांग है कि मामले की निष्पक्ष जांच हो और पुलिसकर्मियों की जवाबदेही तय की जाए ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही दोबारा न हो। मोखपाल की इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में चुस्त दिखने वाली पुलिस सामान्य नागरिकों के मामलों में बेहद कमजोर साबित हो रही है।

**आत्मसमर्पण करने...**

पार्टी कार्यकर्ताओ को दीर्घकालीन जनयुद्ध चलाने का आह्वान करते हुए शांति वार्ता के प्रयासों का कोई परिणाम न निकलने के प्रयासों को भय से कि गई आत्मसमर्पण की निंदा भी करते हुए समर्पण किये गए सभी नेताओं को पालयनवादी बताया। संकेत ने कहा कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों क्रांति के पक्ष में बदल रही हैं। ईआरबी आशा करती है कि सीआरबी क्षेत्र में अभी भी डटे पार्टी नेता और कार्यकर्ता दृढ़ निश्चय के साथ फिर से अनुकूल परिस्थितियों बनाने के लिए गंभीर प्रयास करेंगे।

**अधूरे कार्यों और गबन...**

है कि विकास की बात करने वाले ही जनहित के कार्यों में रुकावट डाल रहे हैं। कार्यों में पारदर्शिता नहीं रखी गई और 15वें वित्त आयोग की राशि का भी मनमाने ढंग से उपयोग किया गया। पूर्व सरपंच के पद छोड़ने के तुरंत बाद पूर्व सचिव का तबादला अन्य ग्राम पंचायत में कर दिया गया। जिससे ग्रामीणों में और संदेह गहराया है। वर्तमान ग्राम पंचायत अब उन्हीं अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए फिर से राशि निकाल रहा है जबकि पूर्व में किए गए खर्च का कोई लेखा-जोखा नहीं लिया गया।ग्रामवासी पूर्व सरपंच और सचिव के समय किए गए कार्यो की जांच की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब तक पूर्व कार्यों की जांच नहीं किया जाएगा तब तक नए कार्यों की स्वीकृति देना उचित नहीं है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले में स्वतंत्र जांच समिति गठित कर गबन की राशि की जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि जिन योजनाओं से जनता को लाभ मिलना था वही योजनाएं अब हेराफेरी का माध्यम बन गई हैं। जिम्मेदारों पर कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही गबन राशि वसूला भी जाए। बकावड जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी परमेश्वर कुर्रे एवं ग्राम पंचायत के सचिव लिंगो राम से चर्चा करने कॉल किया गया। लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

**35 हजार से ज्यादा...**

जनजाति और अन्य परम्परागत वन निवासी अधिनियम के तहत जिले में सामुदायिक वन अधिकार पट्टों के अंतर्गत 6,209 आवेदनों को मंजूरी मिली है जिसमें 24,506 हेक्टेयर क्षेत्र शामिल है। इन क्षेत्रों का स्कूल, अस्पताल, आंगनबाड़ी केन्द्र, चारागाह इत्यादि सार्वजनिक प्रयोजन के लिए उपयोग किया जा रहा है। वहीं सामुदायिक वन संसाधन अधिकार के तहत 348 आवेदनों पर 1,25,962 हेक्टेयर क्षेत्र का वितरण किया गया है। ये वनाधिकार स्थानीय समुदायों को वनोपज संग्रहण एवं जड़ी-बूटी का समुचित दोहन सहित वनों के प्रबंधन, संरक्षण और उपयोग की जिम्मेदारी मिली है, जिससे जैव विविधता की रक्षा होती है और वनों की सुरक्षा एवं प्रबंधन में स्थानीय समुदाय की सहभागिता को सुनिश्चित हो रही है।

**जैन समाज ने...**

की। समारोह में राजकुमार लोढ़ा, गणेश लुंकड़, मनोहर गोलछा, विनोद डकलिया, खेतमल बुरड़, अमरचंद गोलछा, प्यारी जी नाहटा एवं राकेश बोथरा आदि ने उद्बोधनों से बहुमान किया। चातुर्मास काल में अक्षय मुनि की प्रेरणा से लगभग 100 तपस्याएं संपन्न हुईं। जिनमें 7 मासखमण, 60 अठाई, तथा 11, 15, 21 उपवास जैसी विविध तपस्याएं शामिल थीं। इनमें से कु. रिषिका सांखला ने 61 उपवास की कठोर तपस्या की, वहीं इन्द्रादेवी गोलछा, अमृता बैद, कपिल बैद, भारती पारख एवं कु. स्वेजल पारख ने 31 उपवास कर प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। समाज की ओर से सभी तपस्वी भाई-बहनों का तपो-अभिनंदन पत्र, स्मृति चिन्ह एवं शॉल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में समाजजनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कार्यक्रम में पारसमल कागोत, जसराज बाफना, ज्ञानमल मालू, अशोक पारख, मोतीलाल कांकरिया, राजेश सुराना, विमल बोथरा, नरेंद्र डेलडिया, कांतिलाल बैद, संदीप पारख, नीरज बाफना, राजकुमार सुराना, पवन मोदी, प्रकाश बाफना ,अजय मिन्नी सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।

**कलेक्टर ने कहा-सुपोषण चौपाल में स्वस्थ व्यवहार अपनाने**

# महिलाओं और बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना गुरुवार को ग्राम चिखलपुट्टी के आंगनबाड़ी केन्द्र प्लाटपारा में आयोजित सुपोषण चौपाल एवं पालक बैठक में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने बच्चों और महिलाओं की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली और उपस्थित माताओं से सीधे संवाद किया। कलेक्टर ने कहा कि स्वस्थ समाज की नींव स्वस्थ परिवारों से पड़ती है, इसलिए प्रत्येक परिवार को स्वस्थ व्यवहार अपनाना चाहिए। उन्होंने माताओं से आग्रह किया कि वे बच्चों को नियमित रूप से हर दो घंटे में स्तनपान कराएं और स्वयं पौष्टिक एवं संतुलित आहार लें। कलेक्टर ने बच्चों का नियमित वजन करवाने और डाइट चार्ट के अनुसार भोजन देने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने बच्चों को रेडी टू ईट आहार नियमित रूप से खिलाने को भी कहा। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न रचनात्मक गतिविधियाँ प्रस्तुत कीं, जिनका कलेक्टर ने अवलोकन किया और उनकी प्रशंसा की। परवरिश के चौंपियन कार्यक्रम के तहत जागरूकता आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती धनराजी शुक्ला ने नाप–तौल थीम पर माताओं को बच्चों के सर्वांगीण विकास, समुचित देखभाल और पोषण आहार के बारे में विस्तार से बताया।



**अधिकारियों एवं ग्रामीणों की रही सक्रिय भागीदारी**

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी अवनि कुमार बिस्वाल, परियोजना अधिकारी संजय पोटावी, पर्यवेक्षक श्रीमती इंद्रावती ध्रुव, जिला बाल संरक्षण अधिकारी नरेन्द्र सोनी, जिला समन्वयक परवरिश के चौंपियन योगेन्द्र जैन, विभागीय अधिकारी–कर्मचारी, ग्राम सरपंच श्रीमती राजेश्वरी सोडी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

# नई राह-माओवाद वर्दी की जगह अब होटल की यूनिफॉर्म, नई जिंदगी की शुरुआत

## 30 आत्मसमर्पित माओवादी सदस्यों को दिया जा रहा अतिथि सत्कार का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले के माओवादियों ने जब आत्मसमर्पण किया, तब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की संवेदनशील सरकार ने भी इन आत्मसमर्पित माओवादियों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए सकारात्मक कदम उठाए। आड़ावाल में लाइवलीहुड कॉलेज में इन 30 आत्मसमर्पित माओवादियों को पुनर्वास कार्ययोजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत गेस्ट सर्विस एसोसिएट का व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह पहल न केवल इन पूर्व माओवादी सदस्यों को आत्मनिर्भर बना रही है, बल्कि बस्तर के पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास भी कर रही है। ये 30 आत्म समर्पित माओवादी जो कभी घने जंगलों में हिंसा के रास्ते पर थे, आज लाइवलीहुड कॉलेज के कैंपस में ग्राहक संवाद, होटल मैनेजमेंट और सॉफ्ट स्किल्स सीख रहे हैं। करीब 3 महीने के इस कोर्स में उन्हें होटल इंडस्ट्री की बारीकियां सिखाई जा रही हैं, ताकि वे बस्तर के होमस्टे, रिसॉर्ट्स और टूरिस्ट स्पॉट्स में आत्मविश्वास से काम कर सकें। एक पूर्व माओवादी रामू (परिवर्तित नाम) ने भावुक होकर कहा कि बस्तर के जंगल में हिंसा की जिंदगी ने सिर्फ दर्द दिया, अब लाइवलीहुड कॉलेज में सीखकर लगता है, असली आजादी यहीं है। अब स्वयं मेहनत कर घर-परिवार को खुशहाल बनाएंगे।



**कदम मील का पत्थर**

मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अमल से अब तक हजारों युवा सशक्त हो चुके हैं। बीजापुर जैसे संवेदनशील इलाकों में यह पुनर्वास का सुनहरा मॉडल साबित हो रहा है। नक्सल मुक्त बस्तर की दिशा में यह कदम मील का पत्थर है, जहां हिंसा की जगह विकास और रोजगार की कहानी लिखी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### तरुण सारथी बने बस्तर के पहले फीडे आर्बिटर



**जगदलपुर।** जिला शतरंज संघ बस्तर के सदस्य तरुण सारथी ने फीडे आर्बिटर की परीक्षा उत्तीर्ण कर लिया है । वे आर्बिटर का नार्म प्राप्त करने वाले बस्तर के पहले आर्बिटर हैं। उन्होंने भिलाई में स्टेट आर्बिटर की परीक्षा पास करने के बाद रायपुर में सीनियर नेशनल आर्बिटर की परीक्षा में सफलता पाई और विगत माह भुवनेश्वर में फीडे आर्बिटर की परीक्षा उत्तीर्ण की । इंटरनेशनल शतरंज संघ ने 5 नवंबर को फीडे आर्बिटर की सूची जारी की जिसमें छत्तीसगढ़ से चार आर्बिटरों को सफलता मिली। बस्तर से तरुण सारथी का नाम शामिल है । विनोद राठी छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव के मार्गदर्शन में जिला शतरंज संघ बस्तर का गठन 2022 में किया गया और तीन वर्ष के कार्यकाल में जिला शतरंज संघ, बस्तर शतरंज के क्षेत्र में लगातार प्रगति की ओर अग्रसर है। जिला शतरंज संघ बस्तर के अध्यक्ष शशांक श्रीधर ने बताया कि तरुण सारथी का शतरंज के प्रति लगाव, जुनून, परिश्रम और शतरंज के प्रति उनके समर्पण का परिणाम है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को मिला प्रोत्साहन प्रमाण पत्र



**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस द्वारा समय-सीमा की बैठक के दौरान 16 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को उनके उत्कृष्ट कार्य एवं सेवाभाव के लिए प्रोत्साहन स्वरूप प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कलेक्टर ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में मातृ और शिशु स्वास्थ्य, पोषण तथा प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कार्यकर्ता की लगन, निष्ठा और जनसेवा के प्रति समर्पण की सराहना की और कहा कि ऐसे प्रयास अन्य कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

## ओडिशा और महाराष्ट्र के व्यापारी कमा रहे मुनाफा

# कागज कारखाने की योजना ठंडे बस्ते में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले के तारलागुड़ा में प्रस्तावित कागज कारखाने की योजना ठंडे बस्ते में है। जिस धरती पर बांस की हरियाली कभी हरित सोना कहलाती थी वही आज महाराष्ट्र के उद्योगों के लिए कच्चे माल का केंद्र बन गई है। बस्तर का बांस ट्रकों में महाराष्ट्र रवाना हो रहा है जबकि यहां के किसान अपने ही क्षेत्र में उद्योग की आस लगाए बैठे हैं।

- बस्तर में उद्योग नहीं लगने से स्थानीय लोग लाभ से वंचित

भोपालपटनम को कागज कारखाने के लिए इसलिए चुना गया था क्योंकि यह इलाका बांस उत्पादन का गढ़ माना जाता है। लेकिन इसे अधूरा छोड़ दिया गया है। स्थिति यह है कि किसान अपनी मेहनत का लाभ नहीं उठा पा रहे है। बस्तर के किसानों ने सामाजिक वानिकी विभाग की पहल पर बड़े रकबे में क्लोन नीलगिरी का रोपण किया था। विभाग ने आंध्र प्रदेश से पौधे मंगवाकर किसानों को मुफ्त में वितरण किया था। परंतु ये पौधे पेड़ों में बदल चुके हैं तो किसानों को उनकी मेहनत की कीमत नहीं मिल रही। ओडिशा के व्यापारी सीधे गांवों तक पहुंचकर नीलगिरी की खरीदी कर रहे हैं और उसे जयपुर के पेपर मिल में भेज रहे हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक किसानों को प्रतिकिलो ढाई से तीन रुपए मिल रहे हैं । जबकि पेपर मिलों में कई गुना दाम पर बिक रही है। किसानों ने शिकायत की है कि क्लोन पौधों की गुणवत्ता भी असमान रही कुछ पौधे तेजी से बढ़े तो कई अब तक छोटे ही रह गए। किसानों को लगता है जैसे उन्हें हरित स्वप्न दिखाकर अधर में छोड़ दिया गया।



**बाहरी व्यापारियों का दबदबा**

स्थानीय व्यापारी नीलगिरी की कम मात्रा में खरीदी कर रहे हैं। जिससे बाहरी व्यापारियों का दबदबा बढ़ गया है। अब तो नीलगिरी को यहां छिलवाकर सीधे मिलों में भेजा जा रहा है। जिससे बस्तर में न तो उद्योग स्थापित हो रहे न ही किसानों को रोजगार या मुनाफा मिल पा रहा है।

**बस्तर के किसान मजदूर बनकर रह गए**

बस्तर की धरती पर बांस और नीलगिरी उगते हैं पर उसका लाभ ओडिशा और महाराष्ट्र के उद्योग उठा रहे हैं। बस्तर के किसान सिर्फ लकड़ी काटने वाले मजदूर बनकर रह गए हैं।

# सिरहासार में कपड़ों की सेल लगाने का विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

समाजसेवी नरेंद्र पाणिग्राही ने प्रशासन पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा सिरहासार भवन बस्तर की संस्कृति की आत्मा है यह महज एक इमारत नहीं बल्कि हमारी परंपरा का जीवंत प्रतीक है। यहां भगवान जगन्नाथ विराजते हैं। ऐसे स्थल पर व्यापारिक गतिविधियां करना अनुचित है बल्कि यह धार्मिक भावना का अपमान है।

उन्होंने कहा कि हाल ही में लाखों रुपये खर्च कर भवन की मरम्मत कराई गई लेकिन अब कपड़ों की बिक्री के चलते भवन की संरचना दीवारें,फर्श और लाइट फिटिंग्स को क्षति पहुंच रही है। सिरहसार भवन का उपयोग केवल धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजनों के लिए होना चाहिए। उन्होंने चेताया कि यदि तत्काल इस पर रोक नहीं लगाई तो आंदोलन किया जाएगा।



### बच्चे के चेहरे में मुस्कान लाने का प्रयास

**जगदलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड के सेक्टर कोलावल के उप स्वास्थ्य केन्द्र पाथरी के आश्रित ग्राम बड़कोट निवासी बजनाथ कोराम ने बताया कि उनका 8 महीने का बच्चा जन्म से कटे-फटे होठ का है। इस पर राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के डॉ. पिताम्बर साहू द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान उस बच्चे को रायपुर लेकर जा रहे है, जिससे उस बच्चे के चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास कर रहे हैं। उक्त जानकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के स्वास्थ्य पर्यवेक्षक दिनेश पराते ने दी।

## लखपति दीदी योजना से महिलाओं ने गढ़ी आत्मनिर्भरता की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले की महिलाएं आज आत्मनिर्भरता की नई मिसाल गढ़ रही हैं। स्व सहायता समूह की सदस्य कलाबत्ती पोयाम, मंगतीन, कमली कश्यप, प्रमिला ठाकुर और शोभा बघेल ने अपने परिश्रम और संकल्प के बल पर "लखपति दीदी योजना" के अंतर्गत सफलता की नई ऊंचाइयां हासिल की है।

तोकापाल विकासखंड के ग्राम पंचायत भडिसगांव के निवासी और उजाला स्व सहायता समूह की सदस्य कलाबत्ती पोयाम और मंगतीन, जो पहले सीमित आय से परिवार का भरण-पोषण करती थीं, आज कृषि कार्य और पशुपालन से सालाना लाखों की आमदनी अर्जित कर रही हैं। समूह से जुड़कर बिहान योजना से जुड़ने के एक पश्चात सामुदायिक निवेश कोष और बैंक लिंकेज की राशि से कलाबत्ती पोयाम ने बतख पालन का और मंगतीन ने बकरी पालन पशुपालन को अतिरिक्त आय के साधन के रूप में विकसित किया।

# राष्ट्रीय एकता यात्रा पर निकली पदयात्रा में गूंजा सरदार का नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

भारत के लौह पुरुष और महान राष्ट्र निर्माता सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण, मेंढ़का डोबरा मैदान से राष्ट्रीय एकता यात्रा का शुभारंभ किया गया। यह यात्रा 6 नवंबर से प्रारंभ होकर 7 नवंबर को गीदम स्थित ऑडिटोरियम (जावंगा) में समापन कार्यक्रम के साथ संपन्न होगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद महेश कश्यप ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए उपस्थित जनसमूह को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के संकल्प लेने का आह्वान किया।

- सांसद ने दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ


उन्होंने ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने जिस भारत का स्वप्न देखा था, वह अखंड और सशक्त भारत का था। उन्होंने 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर इस विशाल देश को एकता के सूत्र में बांधा। आज हमें उसी भाव को पुनः जागृत करना है भारत की अखंडता और आत्मनिर्भरता को सशक्त बनाना है।

विधायक चैतराम अटामी ने भी लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई के पटेल के कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी 150वीं जयंती अवसर पर इस राष्ट्रीय पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस पदयात्रा के माध्यम से हम सरदार वल्लभ भाई पटेल के सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लेते है।






कलेक्टर कुणाल दुदावत ने भी इस पदयात्रा में सभी की सहभागिता प्रदर्शित करने की अपील की। इसके तहत जिले के शैक्षणिक संस्थानों में राष्ट्रीय एकता से संबंधित वाद-विवाद, क्विज कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रम होंगे। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता,जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर,नगर पालिका अध्यक्ष रूबी सिंह, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि वेंकट, संतोष गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेष पात्रे तथा अधिकारी-कर्मचारी,स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।




# अब गरीबों के राशन पर भी डाका कुपोषण का बढ़ रहा खतरा : मौर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से विगत तीन महीने से राशन दुकानों में चना,नमक व गुड़ की अनापूर्ति को लेकर कहा कि भाजपा अब गरीबों के राशन पर भी डाका डालने का कार्य हो रहा है। बस्तर जिले में पिछले तीन माह से अंत्योदय और बीपीएल परिवारों को मिलने वाला मुफ्त चना, नमक और गुड़ का वितरण बंद कर दिया गया है। सरकार के उदासीनता पर स्थानीय विधायक व सांसद असहाय है।



- तीन महीने से राशन नहीं मिलने से गरीब परेशान

उन्होंने कहा बस्तर जिले में 1 लाख 91 हजार 394 परिवार हैं। जिसमें 1,45,113 बीपीएल कार्डधारी और 46281 अनत्योदय कार्डधारी परिवार हैं। जिन्हें प्रति माह करीब 382 टन से अधिक चना वितरण किया जाना चाहिए। बस्तर में तीन महीने से गरीब परिवारों को चना नहीं मिलने से 1.91 लाख परिवारों की थाली अधूरी पड़ गई है। उपभोक्ता परेशान है और उनकी नाराजगी जायज है। कुपोषण का खतरा अब बढ़ने लगा है।

मौर्य ने कहा खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा आपूर्ति प्रक्रिया और परिवहन संबंधी देरी के कारण चना, गुड़ और नमक वितरण प्रभावित का हवाला दिया जा रहा है। विभाग ने दावा किया था कि नवंबर से सभी ब्लॉकों को आबंटन जारी कर दिया जाएगा। किंतु आज पर्यंत तक चना वितरण प्रारंभ नहीं हो सका है ।

# आयुषी बनी सीए, समाज ने किया सम्मान

**जगदलपुर।** शहर की होनहार आयुषी बजाज ने सीए की परीक्षा पास कर समाज और शहर को गौरवान्वित किया है। आयुषी सिन्धी समाज की पहली सदस्य हैं जिन्होंने यह मुकाम हासिल किया जिससे समाज में खुशी है।



सिन्धी पंचायत के अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी ने कहा कि यह सफलता परिवार के लिए गौरव का क्षण है बल्कि समाज के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। समाज की ओर से आयुषी को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दिए।

आयुषी उधाराम एवं पायल मूलचंदानी की सुपुत्री हैं। महिला विंग सुहिणी सोच की पदाधिकारी चंद्रा देवी नवतानी, लक्ष्मी नवतानी और भारती लालवानी ने आयुषी को पगड़ी पहनाकर एवं मूमेंटो देकर सम्मानित किया।

आयुषी ने कहा सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। निरंतर प्रयास, आत्मविश्वास और समय का सम्मान ही सफलता की कुंजी है। सपने तभी सच होते हैं जब हम उन्हें पूरा करने के लिए मेहनत करते हैं।

# श्मशान घाट की भूमि पर अवैध कब्जा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

विकासखंड बकावंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत कौडावंड के जनपद सदस्य लाली बागडे एवं कौडावंड के सरपंच लक्ष्मी गागडे ने ग्राम पंचायत के शासकीय भूमि एवं श्मशान घाट पर कब्जा करने की शिकायत एसडीएम से की है।

- जनपद सदस्य एवं सरपंच ने एसडीएम से की शिकायत

गांव की शासकीय शमशान भूमि पर आत्माराम द्वारा गलत ढंग से कुट रचना कर भूमि को अपने नाम रिकॉर्ड में चढ़ाने का आरोप लगाया गया है।

एसडीएम मनीष वर्मा ने कहा कि शिकायत का निराकरण जांच के उपरांत किया जाएगा।





# सड़क में चल रहे भारी वाहनों के खिलाफ उड़नदस्ता टीम ने कसा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सड़क में चल रहे भारी वाहनों के विरूद्ध परिवहन विभाग ने अभियान छेड़ दिया है। सड़क पर दौड़ इन भारी वाहनों की वजह से जहां आमजन परेशान हैं, वहीं सड़क की स्थिति भी खराब हो रही है। इन पर लगाम कसने की कवायद तेज हो गई है। इसी कड़ी में जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटना एवं प्रदूषण की रोकथाम के लिए विभाग के उड़नदस्ता टीम द्वारा विशेष अभियान चलाकर नियमों को ताक पर रखकर चलने वाले ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई करने के साथ जब्त किया जाएगा। इस दौरान मौके पर वाहन चालकों को तिरपाल ढक कर चलने, ओवरलोड न करने, शराब पी कर वाहन न चलाने एवं परिवहन नियमों का कड़ाई से पालन करने की भी समझाइश दी गई। इसके साथ ही बिना फिटनेस, बिना बीमा, बिना परमिट, बिना तिरपाल ढके वाहनों, दुकान- ढाबे एवं सड़क किनारे नो-पार्किंग एरिया में बेतरतीब खड़े वाहनों, शराब सेवन कर चलने वाले वाहन चालकों, ओवरलोड वाहनों पर परिवहन विभाग की कार्रवाई जारी की जाएगी। इस दौरान ओवरलोड वाहनों से राजस्व वसूला जा सकता है, जिसके लिए अधिकारियों द्वारा अभियान चलाए जाते हैं और कानूनी प्रावधानों के तहत जुर्माना लगाया जाता है। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 194 के अनुसार, ओवरलोडेड वाहनों को चलने की अनुमति नहीं है। जांच में उड़नदस्ता की टीम को 4 वाहन ओव्हरलोड मिले जिन पर एक लाख दो हजार रूपए राजस्व वसूला गया, जिससे वाहन चालकों में हड़कंप मच गया है।

- जांच में 4 वाहन ओव्हरलोड मिलने पर वसूला 1.02 लाख राजस्व



**सख्त कार्रवाई की जाएगी**

परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक पुष्पेंद्र कुमार साहू ने बताया कि वाहन चालकों को कहा कि परिवहन नियमों का उल्लंघन नहीं करें, अन्यथा सख्ती कार्रवाई की जाएगी।

